केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने विकास के लिए योगी सरकार के कामकाज को सराहा

# यूपी नए क्षेत्रों में बड़े निवेश से बना रहा अलग पहचान: पीयूष गोयल

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (25 से 29 सितंबर)

**ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने विकास की नई यात्रा तय की है। उत्तर प्रदेश के विकास की गूंज अब देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।

इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन रविवार को आयोजित विशेष व्यापार सत्र में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्मित एक्सप्रेसवे, नए एयरपोर्ट, बड़े औद्योगिक पार्क तथा डिफेंस, सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक क्षेत्रों में हो रहा निवेश बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर प्रस्तुत करता है। नोएडा के निकट तेजी से विकसित हो रही रोबोटिक्स फैक्टरी इस बात का उदाहरण है कि उत्तर प्रदेश अब आधुनिक और उभरते हुए क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।




ग्रेटर नोएडा एक्सपो सेंटर में रविवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सम्मानित करते मंत्री नंद गोपाल नंदी, साथ में मंत्री भूपेंद्र चौधरी और राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा।

## पत्थरों पर उभरी आगरा के कारीगरों की कला

नोएडा। ट्रेड शो में चमकदार उत्पादों और आधुनिक तकनीक के बीच आगरा के रामबाग स्थित कोणार्क आर्ट्स का स्टॉल अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां छैनी और हथौड़े से तराशकर बनाई गई मूर्तियां लोगों का ध्यान खींच रही हैं। स्टॉल पर लक्ष्मी-गणेश, राधा-कृष्ण, जैन तीर्थंकर, बुद्ध, बोधिसत्व और देवी-देवताओं की प्रतिमाएं प्रदर्शित की गई हैं।

## यूपी ट्रेड शो में जेन-जी के लिए तैयार खास गेमिंग जोन

**ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहली बार उत्तर प्रदेश खेल विभाग की ओर से विशेष स्टॉल लगाया गया है। जेन-जी को लुभाने के लिए यहां खास स्पोर्ट्स एक्सपीरियंस जोन बनाया गया है, जहां पर गेमिंग जोन, 3डी मॉडल, डिजिटल प्रेजेंटेशन और खिलाड़ियों से संवाद आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

स्टॉल को पूरी तरह नई पीढ़ी जेन जी को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। रंगीन एवं आधुनिक सजावट, शानदार लाइटिंग, इंटरएक्टिव गेमिंग जोन, 3डी मॉडल, फोटो गैलरी, डॉक्यूमेंट्री और डिजिटल प्रेजेंटेशन के जरिए उत्तर प्रदेश में खेलों के बदलते स्वरूप और भविष्य की तस्वीर को एक ही स्थान पर प्रस्तुत किया गया है। स्टॉल का सबसे बड़ा आकर्षण है इसका इंटरएक्टिव गेमिंग जोन, जिसमें टेबल टेनिस, क्रिकेट, हॉकी और बास्केटबॉल से जुड़े गेम्स की व्यवस्था की गई है। स्कूल और कॉलेज के बच्चे बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं व चारों खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं।

### 3डी मॉडल प्रदर्शित

गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, अयोध्या क्रिकेट स्टेडियम, वाराणसी सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वाराणसी में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, कानपुर में प्रस्तावित/निर्माणाधीन स्टेडियम और मेरठ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी।